दिनांक: 04.05.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

लोकसभा चुनाव प्रक्रिया के अध्ययन के लिए 23 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के 75 सदस्यों का दल भारत आया है। अपनी यात्रा के दौरान, ये प्रतिनिधि दल आज से छह दिनों की अवधि के दौरान होने वाले कई कार्यक्रम में भाग लेगा। उच्चतम मानकों के साथ आम चुनाव कराने की प्रतिबद्धता व्यक्त करने के लिए, निर्वाचन आयोग ने इन प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया है। आयोग ने कहा है कि कार्यक्रम का उद्देश्य विदेशी चुनाव प्रबंधन निकायों को भारत की चुनावी प्रणाली की बारीकियों और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र द्वारा उपयोग की जाने वाली सर्वोत्तम प्रथाओं से परिचित कराना है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉक्टर सुखबीर सिंह संधू कल प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे। इसके बाद ये प्रतिनिधि विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव और संबंधित तैयारियों का निरीक्षण करने के लिए महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे। कार्यक्रम इस महीने की 9 तारीख को समाप्त होगा।

000

जयपुर नगर निगम हेरिटेज के ''जागो जयपुर, जगमग जयपुर'' अभियान के तहत आज आमेर के मावठा सरोवर में सफाई की जा रही है। हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि प्राकृतिक जल स्त्रोत साफ और संरक्षित रखने के उद्देश्य से मावठे में ये अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में हेरिटेज निगम के अधिकारी, कर्मचारी सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और स्कूल के विद्यार्थी श्रमदान कर रहे हैं।

000

प्रदेश में कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए डेल्फिक काउन्सिल ऑफ राजस्थान और चार विद्यालयों के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। डेल्फिक काउन्सिल ऑफ राजस्थान की अध्यक्ष श्रेया गुहा ने बताया कि डेल्फिक आन्दोलन से शास्त्रीय संगीत, भारतीय फ़िल्म संगीत, लोकप्रिय संगीत, शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य, समकालीन नृत्य और फोटोग्राफी जैसी डेल्फिक कलाओं के प्रति युवाओं की भागीदारी को बढाने के उद्देश्य से एमओयू पर हस्ताक्षर किए गये है। इससे प्रदेश में डेल्फिक आन्दोलन को गति मिलेगी और विद्यार्थियों को कला और संस्कृति दर्शाने के लिए मंच मिल सकेगा। श्रीमती गुहा ने बताया कि इसके लिए विद्यालय स्तर पर नोडल अधिकारियों को नियुक्त भी किया जाएगा।

000

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने कल आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। देशभर में चौदह राज्यों के 57 शहरों के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा आयोजित होगी, जिसमें 24 लाख से ज्यादा परीक्षार्थी भाग लेंगे। यह परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजकर बीस मिनट तक चलेगी। एनटीए ने परीक्षार्थियों से कहा है कि वे अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड करके साथ लाएं। प्रवेश पत्र में परीक्षार्थी की फोटो, हस्ताक्षर और रोल नंबर बारकोड होना अनिवार्य है।

000

कल अंतर्राष्ट्रीय हास्य दिवस है। प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर हास्य कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। जयपुर के मानसरोवर स्थित सिटी पार्क में कल सुबह हास्य प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। इसमें लोगों को हंसने, मुस्कुराने और खुश रहने के लिए प्रेरित किया जाएगा। नगर निगम जयपुर ग्रेटर की महापौर सहित कई गणमान्य लोग महोत्सव में शिरकत करेंगे। वहीं एक अन्य कार्यक्रम में सेंट्रल पार्क में भी हास्य आधारित कार्यक्रम आयोजित होंगे।

000

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से आज कई स्थानों पर बादल छाये हुए हैं। इससे तापमान में उतार–चढाव का सिलसिला बना हुआ है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार पिछले 24 घंटों में राज्य के ज्यादातर स्थानों पर अधिकतम तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ। सबसे

ज्यादा 42 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस तापमान जैसलमेर में रिकॉर्ड हुआ। सवाईमाधोपुर में 41 दशमलव 9, जालौर में 41 दशमलव 4 और राजधानी जयपुर में 38 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा।

इस बीच, तेज गर्मी को लेकर राज्य सरकार ने एडवाइजरी जारी की है, इसमें गर्मी और लू से बचाव के उपायों को साझा किया गया है।

000

प्रदेश में तेज गर्मी के मद्देनज़र जलदाय विभाग एक नई पहल की शुरुआत करने जा रहा है। विभाग प्रदेशभर में प्याऊ खोलने की योजना पर काम कर रहा है। इसकी मॉनिटरिंग का काम ज़िला कलेक्टरों के जिम्मे होगा। योजना के तहत दो तरह की प्याऊ खोली जाएंगी, जिसमें कुछ जगह पर मटकों से शीतल जल की व्यवस्था की जायेगी, तो कुछ जगह भामाशाहों के सहयोग से वॉटर कूलर लगाए जाएंगे। मटकों और वॉटर कूलर में पानी भरने की व्यवस्था पीएचईडी विभाग करेगा।

000